## संस्थापक-सप्ताह समारोह मुख्य महोत्सव

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक-सप्ताह समारोह मुख्य महोत्सव (१० दिसम्बर) में महाविद्यालय ने सक्रिय भूमिका निभायी। इस समारोह में महाविद्यालय के एम.एस-सी. अंतिम वर्ष की छात्रा सुश्री दीपशिखा मणि त्रिपाठी को स्नातकोत्तर में श्रेष्ठतम् विद्यार्थी का दिग्विजयनाथ स्वर्ण पदक, बी.एस-सी. भाग तीन की सुश्री गीता सिंह को चौधरी रामलखन स्मृति पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में बी.एस-सी. प्रथम वर्ष की सुश्री अनामिका सिंह को द्वितीय स्थान एवं सुश्री दृष्टि जायसवाल को तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ। कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सुश्री दृष्टि जायसवाल बी.एस-सी. प्रथम वर्ष, श्री सुगन्धजी श्रीवास्तव बी.एस-सी. तृतीय वर्ष, सुश्री रेशमा हसदा बी.एस-सी. तृतीय वर्ष एवं श्री शहरयार खान की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में श्री अमन चौहान बी.ए. तृतीय वर्ष, श्री राघवेन्द्र सिंह-एम.एस-सी. अंतिम वर्ष, सुश्री वर्षा सिन्हा-बी. एड. प्रथम वर्ष एवं सुश्री काजल-बी.एड. प्रथम वर्ष की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी टीमों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।



स्वर्णपदक प्राप्त करती सुश्री दीपशिखा

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की तरफ से विशेष छात्रवृत्ति बी.एस-सी. भाग एक के श्री अभय सिंह एवं सुश्री प्रियंका सिंह, बी.एस-सी. भाग दो की सुश्री ऋचा श्रीवास्तव एवं सुश्री आंचल कर्ण-बी.एस-सी. भाग तीन की सुश्री गीता सिंह एवं सुश्री प्रियंका चौहान, बी.ए. भाग एक की सुश्री श्वेता सिंह, श्री धनंजय यादव एवं सुश्री कल्याणी सिंह, बी.ए. भाग दो की सुश्री नन्दिनी गुप्ता एवं सुश्री सुनन्दा साहनी, बी.ए. भाग तीन की सुश्री शबनम बानो एवं श्री ऋषभ मिश्र, बी.काम. भाग एक के श्री नीतिन तिवारी एवं सुश्री खुशमंजला, एम.एस-सी. अंतिम वर्ष के सुश्री दीपशिखा त्रिपाठी, सुश्री रूकसार परवीन एवं श्री आदित्य सिंह, एम.काम. प्रथम वर्ष के श्री सतेन्द्र यादव एवं श्री आकाश चन्द्र, बी.एड. प्रथम वर्ष की सुश्री वर्षा सिन्हा एवं दीक्षा श्रीवास्वत को प्राप्त हुआ।



अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार प्राप्त करती छात्राएं